# राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक–5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नं: 0141–2709114

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान

फैक्स: 0141–2701822

email : rajssa _cmecce@yahoo.com

क्रमांक : 15(31) राप्राशिप / जय / सामु.गति. / प्रबंधन मद / दिशा निर्देश / 2017–18 / 6097 दिनांक : 29/8/17

## दिशा निर्देश

**संशोधित**

## (सत्र 2017–18)

### समुदाय जागृति दिवस

***प्रस्तावना :–***

राज्य के सभी राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन का दायित्व निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम–2009 की धारा 21 के अनुसार विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता–पिता / अभिभावक की अध्यक्षता में गठित विद्यालय प्रबंधन समिति को प्रदान किया गया है।

विद्यालय प्रबंधन समिति के विधान एवं नियमावली में प्रत्येक माह कार्यकारिणी समिति की एक बैठक अनिवार्य है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार यह बैठकें प्रत्येक माह अमावस्या के दिन आयोजित की जानी है। कार्यकारिणी समिति की प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली बैठकों को उद्देश्यपरक बनाने, सफल संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु वर्ष 2017-18 में कार्यकारिणी की 8 बैठकें निर्धारित दिन को आयोजित कर "समुदाय जागृति दिवस" के रूप में मनाये जाने हेतु वार्षिक कार्ययोजना सत्र **2017-18** में **₹.454.27/-** लाख राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही इसी दिन बाल सभा का आयोजन एवं अध्यापक अभिभावक संघ की बैठक का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक समुदाय जागृति दिवस निम्न विषयों पर आधारित होंगे :– **बाल विवाह, बाल श्रम, महिला सशक्तीकरण, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, मिड–डे–मील, ठहराव व उपस्थिति, बालिका शिक्षा, जनसहयोग आदि।**

बाल सभा एवं अन्य गतिविधियों में अपने बच्चों को भाग लेते हुए देखने हेतु अभिभावक विद्यालय आने के लिए प्रेरित होंगे साथ ही अध्यापक अभिभावक संघ की बैठक में अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। बाल सभा में नियमित कक्षा कार्य करने एवं नियमित उपस्थिति वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिया जायेगा। इन सब गतिविधियों से अभिभावकों की विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना बढ़ेगी साथ ही बच्चों के विद्यालय मे ठहराव भी बढ़ेगा।



www.rajteachers.com

## समुदाय जागृति दिवस के अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम :–

- समुदाय जागृति दिवस कार्यक्रम निर्धारित दिन को अंतिम चार कालांशों में आयोजित किये जायेंगे।
- ***प्रथम दो कालांश–*** माता–पिता/अभिभावकों एवं एसएमसी सदस्यों की उपस्थिति में बाल सभा आयोजित की जाएगी। इसके अन्तर्गत छात्र–छात्राओं के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, भाषण, वाद विवाद, नृत्य, निबन्ध लेखन, श्रुतिलेखन, पत्र वाचन, चित्रकला प्रतियोगिता, पैन्टिग प्रतियोगिता, नैतिक प्रवचन आदि का आयोजन किया जायेगा। (जो निम्न विषयों से सम्बन्धित होंगे :– बाल विवाह, बाल श्रम, बालिका शिक्षा, मिड–डे–मील, नामांकन–ठहराव, जनसहयोग, महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन आदि) विषयो पर चर्चा की जायेगी व मीटिंग टूल्स के सम्बन्ध में समीक्षा की जायेगी, इसके अलावा छात्र हित एवं रूचि के अनुसार अन्य गतिविधियॉं भी आयोजित की जा सकती हैं।
- ***अंतिम दो कालांश–*** कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। साथ ही अभिभावक–शिक्षक मीटिंग आयोजित की जायेगी जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के प्रगति के बारे में शिक्षकों के साथ चर्चा करेंगे।

***समुदाय जागृति दिवस पर आयोजित की जाने वाली कार्यकारिणी समिति की बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है :–***

- कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालना पर चर्चा।
- विद्यालय परिक्षेत्र में रहने वाले 6–14 आयु वर्ग के अनामांकित एवं ड्राप आउट बालक–बालिकाओं को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में प्रवेश की कार्ययोजना (माइक्रो प्लान) बनाना।
- विद्यालय में पढ़ रहे बालक–बालिकाओं के शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करना :–
  - ✓ 10 बच्चों को पढ़ने (Reading, writing) के कौशल का एसएमसी के समक्ष प्रस्तुतीकरण।
  - ✓ कक्षा कार्य गृह कार्य की समीक्षा।
- एसएमसी बैठक में समुदाय के सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों द्वारा समुदाय जागृति दिवस के दिन विद्यालय में पेड़ लगाना, साफ सफाई, सौन्दर्यकरण आदि कार्यों में किये गये सहयोग पर चर्चा।
- विद्यालय सुविधा अनुदान राशि, विद्यालय रखरखाव एवं मरम्मत अनुदान राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करना।
- विद्यालय विकास योजना का निर्माण करना व उसके क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा करना।
- विद्यालय विकास में जनसहयोग की प्राप्ति एवं उसके उपयोग पर चर्चा।
- निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा।
- मिड–डे–मील पर चर्चा।



www.rajteachers.com

- मीटिंग टूल्स की समीक्षा।

***आपदा प्रबंधन*** :-

- वर्ष 2004 में तमिलनाडू में कुंभकोणम में लॉर्ड कृष्णा विद्यालय में दोपहर का भोजन बनाने के दौरान लगी आग से लगभग 94 छात्रों की दर्दनाक मृत्यु हुई।
- वर्ष 2004 में आये सुनामी में हजारों की संख्या में छात्र एवं शिक्षकों को अपनी जाने गवानी पड़ी।
- वर्ष 2001 में गुजरात में आये विनाशकारी भूकम्प में 971 छात्रों और 31 शिक्षकों की अकाल मृत्यु हुई, 1051 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए जबकि 11761 विद्यालय भवन क्षतिगस्त हुए।
- वर्ष 1995 में हरियाणा के डबवाली में वार्षिक समारोह के दौरान लगी आग में 425 से अधिक लोगों की जाने गई जिनमें 200 से अधिक छात्र शामिल थे।
- उपर्युक्त आपदायें हमें ये सीख देती हैं कि छात्रों और शिक्षकों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिये विद्यालय स्तर पर सुरक्षा के उपाय किये जाने की परम आवश्यकता है।

आपदा प्रबंधन पर समुदाय को शिक्षित करने का सबसे अच्छा सशक्त माध्यम बच्चों को शिक्षित करना है। इनके माध्यम से अभिभावक और अन्ततः समाज शिक्षित होता है।

समुदाय जागृति दिवस के दिन बाल सभा के समय बच्चों को भूकम्प, आग, बाढ़, बीमारियों, सड़क सुरक्षा के नियमो पर छोटे–छोटे बचाव के टिप्स दिये जाए। साथ ही इसी दिन अभिभावकों के साथ विभिन्न आपदाओं एवं इनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम जैसे : नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, पैन्टिग, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्रों एवं शिक्षकों विभिन्न आपदाओं एवं उनसे बचाव के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

***स्वच्छता*** :-

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छ पेयजल एवं बालक/बालिकाओं के लिए पृथक–पृथक शौचालय एवं मूत्रालय सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए ताकि कोई भी बालिका शौचालय के अभाव में पढ़ाई बीच में ना छोड़े। जल सफाई, हाथ धोने, शौचालय की साफ सफाई, स्वच्छता गत व्यवहार परिर्वतन हेतु वांछित जानकारियाँ समुदाय जागृति दिवस के दिन अभिभावक एवं बच्चों को सम्प्रेषित की जानी चाहिए। स्वच्छता सम्बन्धी रोल प्ले, नुक्कड़ नाटक, गीत, वाद विवाद, निबंध लेखन आदि का आयोजन किया जाना चाहिए। जहाँ तक संभव हो विद्यालय में एएनएम को आमंत्रित कर किशोरी बालिकाओं को माहमारी सम्बन्धी स्वच्छता की जानकारी दिलवायी जानी चाहिए। साथ ही जागृति दिवस के दिन विद्यालय की साफ सफाई पर चर्चा हो तथा विद्यालय की स्वच्छता की स्थिति में सुधार करने के लिए कार्यकारिणी की बैठक में कार्ययोजना बनाई जाए।

***वित्तीय एवं व्यय प्रावधान*** : –



www.rajteachers.com

- प्रति समुदाय जागृति दिवस ₹.105.4/- रूपये व्यय का प्रावधान किया गया है। अर्थात 8 समुदाय जागृति दिवस के लिए प्रति विद्यालय कुल ₹. 843.2/- रूपये का प्रावधान किया गया है।
- जिला कार्यालय द्वारा निर्धारित बजट राशि सीधे ही विद्यालय प्रबंधन समिति के खाते में जारी की जावेगी।
- प्रति समुदाय जागृति दिवस राशि ₹.105.4/- रूपये का व्यय विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा निम्न प्रकार से किया जायेगा।
- ₹.72/- रूपये का उपयोग बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार देने के लिए किया जायेगा। प्रत्येक समुदाय जागृति दिवस को विद्यालय में सबसे ज्यादा नियमित आने वाले तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा इसी प्रकार गृह कार्य एवं कक्षा कार्य नियमित करने वाले तीन बच्चों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम समुदाय जागृति दिवस में पिछले सत्र में सर्वाधिक नियमित रूप से विद्यालय आने वाले एवं नियमित गृह कार्य एवं कक्षा कार्य करने वाले तीन–तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम समुदाय जागृति दिवस के अतिरिक्त सभी समुदाय जागृति दिवस में पिछले समुदाय जागृति दिवस एवं वर्तमान समुदाय जागृति दिवस के बीच की अवधि में सर्वाधिक नियमित रूप से विद्यालय आने वाले एवं नियमित गृह कार्य एवं कक्षा कार्य करने वाले तीन–तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। पुरस्कृत किये जाने वाले बच्चों का रिकार्ड विद्यालय में रखा जायेगा। प्रत्येक बच्चे को दिया जाने वाला पुरस्कार ₹. 12/- रूपये से कम का नहीं होना चाहिए। पुरस्कार विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा क्रय किये जायेंगे।

शेष ₹. 33.4/- रूपये का उपयोग समुदाय जागृति दिवस कार्यक्रम की व्यवस्था, दस्तावेजीकरण, फोटोग्राफी एवं अन्य उपयोगी सामग्री जो कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उचित प्रतीत होती हो पर विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के आधार पर किया जायेगा। **जिलेवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य परिशिष्ट– 1 पर संलग्न है।**

***आठ समुदाय जागृति दिवस कार्यक्रम हेतु निर्धारित कलैण्डर***

| क्र.सं. | माह | दिनांक | दिन |
|---|---|---|---|
| 1 | सितम्बर, 2017 | 20.09.2017 | अमावस्या |
| 2 | अक्टूबर, 2017 | 28.10.2017 | – |
| 3 | नवम्बर, 2017 | 20.11.2017 | – |
| 4 | दिसम्बर, 2017 | 18.12.2017 | अमावस्या |
| 5 | जनवरी, 2018 | 16.01.2018 | अमावस्या |
| 6 | फरवरी, 2018 | 15.02.2018 | अमावस्या |
| 7 | मार्च, 2018 | 17.03.2018 | अमावस्या |
| 8 | अप्रैल, 2018 | 16.04.2017 | अमावस्या |

***नोट :– अमावस्या के दिन अवकाश होने के कारण समुदाय जागृति दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित होगा।***



www.rajteachers.com

यदि किसी विशेष कारणवश उपरोक्त दिनांक पर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सकें तो उसके अगले दिन को इसका आयोजन ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी की स्वीकृति लेकर किया जाए। समुदाय जागृति दिवस के दौरान आयोजित की जाने वाली एसएमसी बैठक का रिकार्ड एसएमसी बैठक रजिस्टर में ही रखा जाए। परन्तु बाल सभा का रिकार्ड अलग से रजिस्टर में रखा जाए। समुदाय जागृति दिवसीय कार्यक्रम आयोजन पश्चात प्रतिवेदन एवं निम्न प्रपत्र में सूचना परिषद् को उपलब्ध करानी है।

**नोट :– भामाशाह एवं समुदाय से जनसहयोग प्राप्त कर यथा संभव इस गतिविधि को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।**

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**(डॉ.जोगाराम)**
**आयुक्त**

क्रमांक : 15(31) राप्राशिप / जय / सामु.गति. / प्रबंधन मद / दिशा निर्देश / 2017–18 / 6098
दिनांक : 28/8/17

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप,जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, राप्राशिप, जयंपुर।
3. नियत्रंक वित्त, राप्राशिप. जयपुर।
4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त–जिला।
5. उपायुक्त (प्लान) / मॉनिटरिंग, राप्राशिप, जयपुर।
6. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, राप्राशिप, जयपुर।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा.शि. एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मा.शि. एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान एवं पीईईओ।
9. रक्षित पत्रावली।

(जस्सा राम चौधरी)
अतिरिक्त आयुक्त



www.rajteachers.com

# Community Mobilisation

## (Under Districts Management Cost)

### 0.5 % of the district outlay

### Physical and Financial Target of Districts 2017-18

### Community awareness day

| S.N | District | Total Govt. PS & UPS * | Community awareness day | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 105.4/- per school | |
| | | | (Eight Com-awareness day) | |
| | | | Target | |
| | | | Phy. | Fin. (in lakhs) |
| 1 | Ajmer | 1394 | 1394 | **11.75** |
| 2 | Alwar | 2142 | 2142 | **18.06** |
| 3 | Banswara | 2555 | 2555 | **21.54** |
| 4 | Baran | 1298 | 1298 | **10.94** |
| 5 | Barmer | 4253 | 4253 | **35.86** |
| 6 | Bharatpur | 1243 | 1243 | **10.48** |
| 7 | Bhilwara | 2355 | 2355 | **19.86** |
| 8 | Bikaner | 1648 | 1648 | **13.90** |
| 9 | Bundi | 1011 | 1011 | **8.52** |
| 10 | Chittaurgarh | 1435 | 1435 | **12.10** |
| 11 | Churu | 958 | 958 | **8.08** |
| 12 | Dausa | 1204 | 1204 | **10.15** |
| 13 | Dhaulpur | 888 | 888 | **7.49** |
| 14 | Dungarpur | 2113 | 2113 | **17.82** |
| 15 | Ganganagar | 1517 | 1517 | **12.79** |
| 16 | Hanumangarh | 775 | 775 | **6.53** |
| 17 | Jaipur | 2908 | 2908 | **24.52** |
| 18 | Jaisalmer | 1029 | 1029 | **8.68** |
| 19 | Jalor | 1578 | 1578 | **13.31** |
| 20 | Jhalawar | 1402 | 1402 | **11.82** |
| 21 | Jhunjhunu | 1126 | 1126 | **9.49** |
| 22 | Jodhpur | 2974 | 2974 | **25.08** |
| 23 | karauli | 1106 | 1106 | **9.33** |
| 24 | Kota | 795 | 795 | **6.70** |
| 25 | Nagaur | 2419 | 2419 | **20.40** |
| 26 | Pali | 1342 | 1342 | **11.32** |
| 27 | Pratapgarh | 1398 | 1398 | **11.79** |
| 28 | Rajsamand | 1452 | 1452 | **12.24** |
| 29 | Sawai Madhopur | 776 | 776 | **6.54** |
| 30 | Sikar | 1397 | 1397 | **11.78** |
| 31 | Sirohi | 713 | 713 | **6.01** |
| 32 | Tonk | 1153 | 1153 | **9.72** |
| 33 | Udaipur | 3518 | 3518 | **29.66** |
| | **Total** | **53875** | **53875** | **454.27** |



www.rajteachers.com

# सामुदायिक गतिशीलता

## समुदाय जागृति दिवस कार्यक्रम सूचना प्रपत्र

जिला

| क्र.स. | प्रथम समुदाय जागृति दिवस | | | | द्वितीय समुदाय जागृति दिवस | | | | तृतीय समुदाय जागृति दिवस | | | | चतुर्थ समुदाय जागृति दिवस | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | | उपलब्धि | | लक्ष्य | | उपलब्धि | | लक्ष्य | | उपलब्धि | | लक्ष्य | | उपलब्धि | | |
| | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| क्र.स. | पंचम समुदाय जागृति दिवस | | | | षष्टम् समुदाय जागृति दिवस | | | | सप्तम समुदाय जागृति दिवस | | | | अष्टम् समुदाय जागृति दिवस | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | | उपलब्धि | | लक्ष्य | | उपलब्धि | | लक्ष्य | | उपलब्धि | | लक्ष्य | | उपलब्धि | | उपलब्धि | |
| | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |



www.rajteachers.com